राजभाषा विभाग की जुलाई, 2020 माह की मुख्य उपलब्धियां

(i) राजभाषा विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए माह जुलाई, 2020 के दौरान कुल 93 ई-निरीक्षण तथा 61 नराकास ई-बैठकें की गई । इसके अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यम से 09 ई-वेबिनार में भी सहभागिता की गई । ऑनलाइन माध्यम से किए गए इन सभी प्रयासों का उद्देश्य राजभाषा के प्रचार प्रसार को बढ़ाना रहा ।

(ii) सरकारी कार्मिकों में कंठस्थ के प्रयोग को बढ़ाने हेतु ऑनलाइन माध्यम से गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, इस्पात मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय के केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों को मूलभूत कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलवाया गया ।

(iii) तकनीकी कक्ष द्वारा स्मृति आधारित अनुवाद टूल कंठस्थ का प्रशिक्षण डीआरडीओ के नई दिल्ली कार्यालय में दिनांक 08.07.2020 को, गृह मंत्रालय में दिनांक 22.07.2020 तथा विदेश मंत्रालय में दिनांक 29.07.2020 को दिया गया ।

(iv) राजभाषा विभाग द्वारा विकसित करवाए गए ई-महाशब्दकोष मोबाइल ऐप में दो नए डोमेन विधि और प्रशासन (legal and administration) जोड़े गए ।

(v) संसदीय राजभाषा समिति की पूर्व आलेख एवं साक्ष्य उप समिति द्वारा अनुमोदित तथा वर्तमान आलेख एवं साक्ष्य उप समिति द्वारा दिनांक 11.12.2019 की बैठक में अंगीकृत 10वें प्रतिवेदन के प्रारूप की प्रतियां उप समिति के सभी सदस्यों को अवलोकनार्थ दी गई थी तथा इस पर समिति सदस्यों से पहले दिनांक 30.06.2020 तक सुझाव/अभिमत मांगे गए थे। इस तिथि तक कोई भी सुझाव/अभिमत प्राप्त न होने पर पुनः दिनांक 17.07.2020 तक सुझाव/अभिमत मांगे गए । इस संबंध में पहली उप समिति के संयोजक प्रो.राम गोपाल यादव जी, दूसरी उप समिति की संयोजक प्रो.रीता बहुगुणा जोशी तथा सचिव, राजभाषा विभाग के सुझावों को शामिल करते हुए इसे अंतिम रूप दिया गया । प्रतिवेदन राष्ट्रपति महोदय को सौंपे जाने से पूर्व इस पर संसदीय राजभाषा समिति के सभी माननीय सदस्यों की सहमति के हेतु पत्र भेजे गए हैं।

(vi) केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण एकक द्वारा दिनांक 06.07.2020 से 10.07.2020 एवं 20.07.2020 से 24.07.2020 तक दो कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें क्रमशः 15 एवं 21 कार्मिकों ने भाग लिया । उक्त कार्यक्रमों का संचालन माइक्रोसॉफ़्ट टीम्स ऐप के माध्यम से किया गया ।

(vii) केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण एकक द्वारा माइक्रोसॉफ़्ट टीम्स ऐप के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के अवर श्रेणी लिपिकों के लिए पदोन्नति से पूर्व आज्ञापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन दिनांक 27.07.2020 से 31.07.2020 तक किया गया जिसमें आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

(viii) उप निदेशक (परीक्षा) हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 04.07.2020को अहमद नगर, महाराष्ट्र में हिंदी प्रबोध परीक्षा का आयोजन किया गया। दिनांक 20, 21, 22 तथा 23 जुलाई, 2020 को चेन्नै, कोयंबतूर, कोचीन, हैदराबाद, नई दिल्ली, जयपुर, जम्मू, चंडीगढ़, देवली , भेजिया ताप विद्युत केंद्र बाकुड़ा तथा शालबोनी में क्रमशः हिंदी प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ, प्राज्ञ बैंकिंग तथा पारंगत विशेष की परीक्षाओं का आयोजन किया गया।

(ix) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा ऑनलाइन अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 142 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।

(x) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा कुल 2252 मानक पृष्ठों का अनुवाद किया गया।

(xi) विभाग में सीपीग्राम्स के माध्यम से 58 शिकायतों का निपटान किया गया।

*****